# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 जून 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने गोरखपुर आ रहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन भी भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 30 जून को एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। जबकि अगले दिन एक जुलाई को वह भटहट के पिपरी में बने राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। राष्ट्रपति के गोरखपुर दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन आज भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का भ्रमण–निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।श्री योगी ने आज गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की।गिरीश नारायण चौबे आकाशवाणी समाचार गोरखपुर***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में दानवीर भामाशाह की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस पर सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश सुरक्षित रहेगा तो धर्म सुरक्षित रहेंगा और धर्म सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चौनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**********

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र आज समिति की बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा की उम्मीद है कि जुलाई के अंत तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएंगे। रामलला के अस्थाई मंदिर को भी संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर और परकोटा जिसमें 14 लाख क्यूबिक फीट बंसी पहाड़पुर का पत्थर लगना था उसमें 13 लाख क्यूबिक फीट पत्थर लग चुका है। अब केवल एक लाख क्यूबिक फीट पत्थर लगना बाकी है।

**********

प्रदेश सरकार ने अयोध्या में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ईपीसी मोड से शहर में 300 बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए पहली किश्त के तौर पर 48 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। यह अस्पताल अयोध्या के रामपथ पर प्रस्तावित है और इसके निर्माण पर दो एकड़ भूमि पर सोलह हजार तीन सौ इक्हत्तर दशमलव सात लाख रुपये की लागत आएगी। इस परियोजना के तहत चिकित्सकों के लिए आवास भी बनाए जाएंगे, जो स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में सहायता करेंगे।

**********

मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत आज जौनपुर में पुलिस के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न इलाकों में चौपाल लगाकर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को वूमेन पावर लाइन–1090, यूपी–112 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**********

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत आज बलिया में अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी को संचारी रोग और जल–जनित रोग समेत अन्य महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित एक पुस्तिका तैयार कराकर, उसे वितरित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस पहल से आमजन सुगमतापूर्वक जागरुक हो सकेंगे।

**********

आज सुबह वाराणसी और जौनपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गरज चमक के साथ हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने प्रयागराज सहित 28 जिलों में आने वाले चौबीस घंटों के दौरान अचानक तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। इस दौरान मेघगर्जन और कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गयी है।

**********